उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

पत्रांकः ओ.यू. / प.दे.नि.समिति / 361 / 2019 दिनांक–09–08–2019

सूचना

सूच्य है कि विश्वविद्यालय पत्रांक ओ.यू. / 135 / 2018 दिनांक 25–04–2018 द्वारा परामर्श देयकों को भुगतान हेतु परामर्श सत्र की समाप्ति से तीन माह के अन्दर विश्वविद्यालय में व्यक्तिगत रूप से अथवा डाक द्वारा प्राप्त कराये जाने का प्रावधान किया गया था। उक्त के आलोक में विश्वविद्यालय पत्रांक ओ.यू. / प.दे.नि. समिति / 355 / 2019 दिनांक 20–07–2019 द्वारा विश्वविद्यालय के समस्त अध्ययन केन्द्रों के समन्वयकों / प्राचार्यों / निदेशकों को सूचित किया गया था कि गत सत्र : जुलाई 2018 (वार्षिक तथा सेमेस्टर) तथा जनवरी 2019 (सेमेस्टर) जिसकी परामर्श कक्षाएं मार्च–अप्रैल 2019 में संचालित की जा चुकी हैं, के परामर्श देयकों को भुगतान हेतु विश्वविद्यालय / प्रकोष्ठ में पूर्व निर्धारित अंतिम तिथि 31 जुलाई, 2019 तक प्राप्त कराना सुनिश्चित करेंगे अन्यथा बिलम्ब से प्राप्त परामर्श देयकों के भुगतान पर विचार नहीं किया जायेगा, परन्तु अधिकांश अध्ययन केन्द्रों द्वारा उक्त सत्र से सम्बन्धित परामर्श देयक अद्यतन विश्वविद्यालय में उपलब्ध / प्रेषित नहीं कराये गये हैं। उक्त के सम्बन्ध में सूच्य है कि माननीय कुलपति जी द्वारा प्रश्नगत् सत्र के परामर्श देयकों को विश्वविद्यालय में उपलब्ध / प्रेषित कराये जाने हेतु दिनांक 31–08–2019 तक का एक अंतिम अवसर प्रदान किया गया है।

अतः विश्वविद्यालय के समस्त अध्ययन केन्द्रों के समन्वयकों / प्राचार्यों / निदेशकों को सूचित किया जाता है कि गत सत्र : जुलाई 2018 (वार्षिक तथा सेमेस्टर) तथा जनवरी 2019 (सेमेस्टर) जिसकी परामर्श कक्षाएं मार्च–अप्रैल 2019 में संचालित की जा चुकी हैं, के परामर्श देयकों को दिनांक 31–08–2019 तक विश्वविद्यालय में उपलब्ध कराने का कष्ट करें अन्यथा की स्थिति में दिनांक 31–08–2019 के पश्चात् प्राप्त परामर्श देयकों के भुगतान पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

डॉ. मुकेश कुमार
सदस्य सचिव, परामर्श देयक निष्पादन समिति

पृ. संख्याः ओ.यू. / 361(4) / 2019 तद्दिनांक

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. समस्त विद्याशाखा / विभाग / अनुभाग, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज।
2. वित्त अधिकारी, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज।
3. कुलसचिव, उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज।
4. श्री शहबाज अहमद, टेक्निकल ऑफिसर (वेबसाइट डेबलपर) को वेबसाइट पोर्टल तथा अध्ययन केन्द्र लॉगिन पर अपलोड करने हेतु।
5. कुलपति जी के निजी सचिव को माननीय कुलपति जी के सादर सूचनार्थ।

डॉ. मुकेश कुमार
सदस्य सचिव, परामर्श देयक निष्पादन समिति